समाचार

पी.एम.ए.वाई. के 282 हितग्राहियों को मिला पक्का मकान

कोरबा 25 सितम्बर 2024 –प्रधानमंत्री आवास योजना के '' मोर मकान–मोर आस '' घटक अंतर्गत पुनः 282 हितग्राहियों को पक्का मकान प्राप्त हुआ है, कलेक्ट्रेट कार्यालय स्थित सभागार में इन हितग्राहियों को लाटरी पद्धति से मकानों का आबंटन किया गया, जिसमें दादरखुर्द में निर्मित आवासगृहों में 274 हितग्राहियों को तथा लाटा में निर्मित आवासगृहों में 08 हितग्राहियों को आवासगृह आबंटित हुए हैं।

यहॉ उल्लेखनीय है कि नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा दादरखुर्द में 2784 आवासगृहों का निर्माण कराया गया है, जिनका क्रमशः आबंटन पात्र हितग्राहियों को किया जा रहा है, वहीं लाटा में रिक्त आवासगृहों का आबंटन भी हो रहा है। कलेक्टर श्री अजीत वसंत के मार्गदर्शन एवं निगम आयुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई के दिशा निर्देशन में कलेक्ट्रेट स्थित सभाकक्ष में 04, 05 एवं 25 सितम्बर को लाटरी पद्धति से आबंटन की प्रक्रिया पूरी की गई तथा दादरखुर्द एवं लाटा में निर्मित आवासगृहों में 282 हितग्राहियों को आवासगृह आबंटित किए गए। निगम के अपर आयुक्त श्री विनय मिश्रा की देखरेख में योजना के सहायक नोडल अधिकारी विवेक रिछारिया, सी.एल.टी.सी. हर्ष छत्रवाणी, जितेश राठौर, अंकुश पाटकर, अमन शर्मा, दीनदयाल साहू व उपेन्द्र राठौर ने आबंटन की प्रक्रिया पूरी कराई।